◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

धर्म

हनुमानगढ़ की धरा पर भव्य श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन



हनुमानगढ़ की धरा पर भव्य श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन

1100 कलशों की भव्य यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ, संत गोविंद दास महाराज के मुखारविंद से हो रहा कथा वाचन

हनुमानगढ़ टाउन। हनुमानगढ़ टाउन की आदर्श एन्क्लेव स्थित श्री सिद्धेश्वर धाम में श्री सुंदरकांड मित्र मंडल (रजि.) की ओर से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। हनुमानगढ़ टाउन में पहली बार आयोजित इस धार्मिक महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। यह आयोजन 13 नवंबर से 19 नवंबर 2026 तक चलेगा।

मंडल के 27 वर्षों की पूर्णता के अवसर पर आयोजित इस महोत्सव का शुभारंभ 1100 कलशों की भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म और आस्था के इस आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया।

महायज्ञ एवं श्रीराम कथा में ऋषिकेश से पधारे ब्रह्मचारी संत श्री गोविंद दास जी महाराज अपने मुखारविंद से कथा का रसपान करवा रहे हैं। श्रीराम कथा के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग, भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया जा रहा है।

आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक कथा एवं यज्ञ का कार्यक्रम रखा गया है। वहीं प्रतिदिन शाम 6 बजे काशी जी की दिव्य गंगा आरती का आयोजन भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण बना हुआ है।

यह धार्मिक आयोजन आदर्श एन्क्लेव स्थित श्री सिद्धेश्वर धाम, बेनीवाल हॉस्पिटल के सामने, बाइपास रोड, हनुमानगढ़ टाउन में आयोजित हो रहा है। 19 नवंबर तक चलने वाले इस महोत्सव में श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त करने का आह्वान किया गया है।

— Yash karyani

यह खबर मनोहर सिंह भाटी ने बताया बेदु कला से



आभार एवं धन्यवाद!

आज ग्राम पंचायत पलीना में श्री वाहिद खान जी के निवास स्थान पर जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के सभी सम्मानित सरपंचगणों के स्वागत हेतु एक भव्य समारोह आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में आरसीए (RCA) चेयरमैन, आदरणीय धनंजय सिंह जी खींवसर जी का विशेष रूप से पधारना हुआ। कार्यक्रम में स्वरूप सिंह सरपंच भी उपस्थित रहने तथा आप सभी के बीच सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

इस आत्मीय स्वागत, मान-सम्मान और स्नेह के लिए वाहिद खान जी सभी सरपंच गणों एवं उपस्थित ग्रामवासियों का हृदय से बहुत-बहुत आभार! यह खबर मनोहर सिंह भाटी ने बताया बेदु कला से

— Manohar Singh

धर्म

बीकानेर के चारणवाला में नखतबन्ना लोकदेवता का मासिक मेला, लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं



बीकानेर जिले के चारणवाला गांव में नखतबन्ना लोकदेवता का मेला हर महीने भरपूर श्रद्धालुओं के साथ आयोजित होता है। यात्रियों का काफिला लंबी कतार में लग जाता है और दूर-दूर से आए भक्त मंदिर के द्वार पर उमड़ते हैं।

मंदिर समिति के श्याम, भेराराम, धनराज और भोजराज सिंह दर्शनार्थियों के लिए ठंडा पानी की व्यवस्था करते हैं और बारी-बारी से दर्शन कराते हैं। इस व्यवस्था से भीड़ में शांति बनी रहती है और सभी को समान अवसर मिलता है।

मंदिर के पुजारी एवं सरपंच भगवानसिंह ने बताया कि हर महीने इस मेले में लाखों श्रद्धालु आते हैं और अपनी मनोकामनाएँ पूरी करने के लिये नखतबन्ना जी का दर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला स्थानीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का महत्वपूर्ण केंद्र है।

भादव महीने में पूरे गांव में कई स्थानों पर तंबू लगाकर भोजन की व्यवस्था की जाती है और रात में जागरण का आयोजन किया जाता है। ओमप्रकाश पुरोहित विशेष पूजा एवं अभिषेक करते हैं, जिससे भक्तों में उत्साह और श्रद्धा का संचार होता है।

इस प्रकार नखतबन्ना लोकदेवता का मासिक मेला न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करता है, बल्कि विभिन्न राज्यों के लोगों के बीच सांस्कृतिक संवाद का भी मंच बनता है।

— Omrakash Purohit, बीकानेर

देश

गुमशुदा रिपोर्ट



नैम रंग लाल प्रजापत %मानाराम प्रजापत 38 साल गांव चैनपुरा तहसील बदनौर जिला ब्यावर यह आदमी 15 दिन से ला पता हे

इनकी रिपोर्ट अभी थाने में नहीं करवाई हे कृपया ये आदमी कही दिखे तो परिजनों को संपर्क करे 7568879169/8239263762 ये नंबर पर संपर्क करे परिवार जन दुःखी की गड़ी में

जो आदमी कही से भी संपर्क करेगा 551 रुपये का इनाम दिया जाएगा

— Pappu Nath

यह खबर मनोहर सिंह भाटी ने बताया बेदु कला से



इंद्रोका टोल के पास कैंपर-बाइक की जोरदार भि!ड़ं!त, दो युवकों की मौ!त की सूचना; पहचान नहीं हुई

जोधपुर। इंद्रोका, नारवा और बालरवा के बीच स्थित टोल के पास शनिवार को कैंपर और बाइक के बीच जोरदार भि!ड़ं;त हो गई। हा!द!सा इतना भीषण था कि बाइक सवार दो युवकों की मौ!त होने की सूचना सामने आ रही है। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हा!द!से की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। फिलहाल मृतक दोनों युवकों की पहचान नहीं हो पाई है। वे कौन हैं और कहां के रहने वाले हैं, इस संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं, हा!द!से के कारणों का भी पता नहीं चल पाया है। दोनों युवकों की मौ!त की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। यह खबर मनोहर सिंह भाटी ने बताया बेदु कला से

— Manohar Singh

खेल

सिंधी समाज के युवा क्रिकेटर लक्ष्य रायचंदानी की कप्तानी में भारत ने रचा इतिहास



सिंधी समाज के युवा क्रिकेटर लक्ष्य रायचंदानी की कप्तानी में भारत ने रचा इतिहास

पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर भारतीय अंडर-19 टीम बनी एशिया कप चैंपियन

हनुमानगढ़। भारतीय क्रिकेट के लिए 14 नवंबर का दिन यादगार बन गया। ओमान के अल अमरात क्रिकेट मैदान में खेले गए ACC अंडर-19 एशिया कप के रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

भारतीय टीम के कप्तान लक्ष्य राजेश रायचंदानी ने शानदार नेतृत्व करते हुए टीम को जीत की राह दिखाई। उन्होंने दबाव भरे मुकाबले में 101 गेंदों पर 80 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली।

पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 50 ओवर में 337 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने आखिरी गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में 9 विकेट खोकर 339 रन बनाते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

भारतीय टीम की जीत में कप्तान लक्ष्य रायचंदानी के अलावा मोहित उल्वा ने भी अहम भूमिका निभाई। मोहित ने मात्र 26 गेंदों पर नाबाद 49 रन बनाकर भारत को चैंपियन बना दिया।

लक्ष्य रायचंदानी की कप्तानी में मिली इस शानदार जीत ने देशभर के क्रिकेट प्रेमियों को जश्न मनाने का अवसर दिया है। युवा खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन ने भारतीय क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीदों को और मजबूत किया है।

पूरे भारतीय क्रिकेट जगत को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

जय हिंद!

— Yash karyani

राजनीति

सपोटरा के विधायक हंसराज मीना ने मतदान किया



सपोटरा के विधायक हंसराज मीना ने मतदान केंद्र पर जाकर अपना मत दिया।

यह कदम लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति उनके

शानदार जीत ने देशभर के क्रिकेट प्रेमियों को जश्न मनाने का अवसर दिया है। युवा खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन ने भारतीय क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीदों को और मजबूत किया है।

पूरे भारतीय क्रिकेट जगत को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

जय हिंद!

— Yash karyani

राजनीति

सपोटरा के विधायक हंसराज मीना ने मतदान किया



सपोटरा के विधायक हंसराज मीना ने मतदान केंद्र पर जाकर अपना मत दिया।

यह कदम लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति उनके समर्थन को दर्शाता है।

विधानसभा सदस्य के रूप में उन्होंने नागरिकों को मतदान के महत्व की याद दिलाई।

— Buddhi Prakash Mali

राजनीति

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा: सहज, सरल और जनता से जुड़ी पहचान



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को उनकी सहज और सरल स्वभाव के कारण जनता के बीच विशेष सम्मान प्राप्त है।

वे जमीन से जुड़े रहने को अपने कार्य का मूल मानते हैं और हमेशा लोगों की समस्याओं को समझने का प्रयास करते हैं।

जनता से गहरा जुड़ाव ही उनकी पहचान है, जिससे वे अपने कर्तव्यों को निष्ठा और समर्पण के साथ निभाते हैं।

— Buddhi Prakash Mali

स्थानीय

करौली में बाल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम, बच्चों को बताए गए अधिकार और संरक्षण के उपाय



करौली। बाल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग एवं एक्शनएड एसोसिएशन–डीएमजी इवेंट्स करौली के संयुक्त तत्वावधान में मासलपुर ब्लॉक के विभिन्न गांवों तथा करौली के मंगल आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, बाल श्रम एवं बाल विवाह उन्मूलन के प्रति जागरूक किया गया।

दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि 14 नवंबर से 20 नवंबर 2026 तक बाल संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवधि के दौरान सामुदायिक बैठकों, जागरूकता कार्यक्रमों, रैलियों, संवाद कार्यशालाओं एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों, अभिभावकों एवं समुदाय को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सप्ताह का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, शिक्षित, स्वस्थ एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना है।

बाल संरक्षण सप्ताह के तहत प्रतिदिन अलग-अलग विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 14 नवंबर को 'मेरा अधिकार, मेरी पहचान' थीम के तहत बाल अधिकारों पर संवाद एवं शपथ ग्रहण, 15 नवंबर को 'पढ़ेगा इंडिया, बढ़ेगा इंडिया' के माध्यम से शिक्षा का अधिकार एवं स्कूल सुरक्षा, 16 नवंबर को 'स्वस्थ बचपन, सुरक्षित कल' के तहत स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता, 17 नवंबर को 'बचपन बचाओ अभियान' के तहत बाल श्रम एवं बाल विवाह उन्मूलन, 18 नवंबर को 'सुरक्षित स्पर्श' के माध्यम से बच्चों को लैंगिक शोषण से बचाव एवं पॉक्सो एक्ट की जानकारी, 19 नवंबर को 'सुरक्षित इंटरनेट, खुशहाल मन' के तहत डिजिटल सुरक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य तथा 20 नवंबर को विश्व बाल दिवस के अवसर पर 'हमारी आवाज, हमारा भविष्य' थीम के साथ बाल संसद, बाल ग्राम सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसी क्रम में आज मासलपुर ब्लॉक के विभिन्न गांवों में स्वयंसेवकों द्वारा बच्चों एवं समुदाय के बीच जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। कंचनपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में एक्शनएड की ब्लॉक समन्वयक गौरव कुमारी ने बच्चों को बाल अधिकारों, शिक्षा के महत्व एवं बाल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। वहीं करौली के मंगल आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य फजले अहमद की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फजले अहमद ने बच्चों को उनके अधिकारों एवं संरक्षण से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी भीकम सिंह ने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता, संकट की स्थिति में सहायता प्राप्त करने तथा बाल सुरक्षा सेवाओं के बारे में बताया। एक्शनएड के सामुदायिक प्रशिक्षक जगदीश जाट ने बाल अधिकारों, शिक्षा, बाल श्रम एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन में बच्चों और समुदाय की भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया गया कि बच्चों का संरक्षण केवल सरकारी संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि परिवार, विद्यालय और पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और विकास के समान अवसर मिलना चाहिए। बाल विवाह, बाल श्रम, हिंसा एवं शोषण से मुक्त बचपन सुनिश्चित करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। आयोजकों ने आमजन से अपील की कि बाल संरक्षण सप्ताह के दौरान आयोजित गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा बाल अधिकारों के संरक्षण एवं बाल विवाह और बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

— Buddhi Prakash Mali

15वीं पीढ़ी के कलाकार करण सिंह वियतनाम में दिखाएंगे रामगढ़ की कागजी पॉटरी का हुनर, वैश्विक मंच पर चमकेगी राजस्थान की कला



15वीं पीढ़ी के कलाकार करण सिंह वियतनाम में दिखाएंगे रामगढ़ की कागजी पॉटरी का हुनर, वैश्विक मंच पर चमकेगी राजस्थान की कला

12 से 17 नवंबर तक ग्लोबल क्राफ्ट फेस्टिवल में कर रहे प्रतिनिधित्व, परिवार की 15 पीढ़ियों से जीवित है अनूठी हस्तशिल्प परंपरा; भाइयों

की सदियों पुरानी कागजी पॉटरी कला अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाने जा रही है। रामगढ़ के 15वीं पीढ़ी के पारंपरिक कलाकार करण सिंह वियतनाम में 12 से 17 नवंबर तक आयोजित हो रहे ग्लोबल क्राफ्ट फेस्टिवल-2026 में भारत की इस अनूठी हस्तशिल्प कला का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से रामगढ़ सहित पूरे राजस्थान का गौरव बढ़ा है।

करण सिंह अपने परिवार की करीब 15 पीढ़ियों से चली आ रही पारंपरिक शिल्पकला को आगे बढ़ा रहे हैं। खास बात यह है कि रामगढ़ की कागजी पॉटरी कला को जीवित रखने वाला उनका परिवार वर्तमान में एकमात्र परिवार बताया जा रहा है। ऐसे दौर में जब पारंपरिक हस्तकलाएं धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही हैं, करण सिंह और उनका परिवार इस विरासत को सहेजने में जुटा है।

रामगढ़ की कागजी पॉटरी अपनी अनूठी निर्माण प्रक्रिया, बारीक कारीगरी और पारंपरिक तकनीक के लिए विशेष पहचान रखती है। इस कला में पीढ़ियों से संचित अनुभव और कलाकारों की रचनात्मकता देखने को मिलती है। वियतनाम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में विभिन्न देशों के कलाकार अपनी सांस्कृतिक विरासत और हस्तशिल्प का प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में करण सिंह के माध्यम से रामगढ़ की इस पारंपरिक कला को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जा रहा है।

करण सिंह का कहना है कि यह उनके लिए केवल कला प्रदर्शन का अवसर नहीं, बल्कि 15 पीढ़ियों की पारिवारिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का गौरवपूर्ण क्षण है। इससे रामगढ़ की कला को वैश्विक बाजार में नई संभावनाएं मिलने की उम्मीद है।

परिवार के दो भाइयों को भी मिल चुका है राष्ट्रपति सम्मान

करण सिंह के परिवार में कला के प्रति समर्पण की परंपरा रही है। उनके भाई अनिल कुमार गालव को पारंपरिक मिट्टी और टेराकोटा से कलाकृतियां बनाने के क्षेत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। वहीं उनके बड़े भाई ओमप्रकाश गालव को वर्ष 2010 का पुरस्कार वर्ष 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने प्रदान किया था। एक ही परिवार की तीन पीढ़ियों के कलाकारों की उपलब्धियां रामगढ़ की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा और कला साधना की मिसाल हैं।

— Rohitash Kumar, अलवर

वसुंधरा के गले लगकर भावुक हुई किरण जसवंत यादव के घर पहुंची वसुंधरा राजे, किरण यादव को गले लगाकर बंधाया ढांढस



वसुंधरा के गले लगकर भावुक हुई किरण

जसवंत यादव के घर पहुंची वसुंधरा राजे, किरण यादव को गले लगाकर बंधाया ढांढस

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे शनिवार को पूर्व मंत्री एवं दिवंगत विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव के निवास पर पहुंची। उन्होंने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान जसवंत यादव की पत्नी किरण यादव पूर्व मुख्यमंत्री राजे के गले लगकर भावुक हो गईं और रो पड़ीं, राजे ने उन्हें गले लगाकर सांत्वना दी। उनके पुत्र मोहित यादव भी मौजूद थे।राजे के साथ भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, पूर्व मंत्री यूनुस खान, वर्तमान कैबिनेट मंत्री संजय शर्मा और अलवर नगर निगम महापौर सुमन लता अग्रवाल भी मौजूद रहे। वसुंधरा राजे सुबह दिल्ली से सड़क मार्ग के जरिए अलवर पहुंची थी।

— Rohitash Kumar, अलवर

जिले में 78.67 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मतदान, मतदाताओं में दिखा उत्साह



जिले में 78.67 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मतदान, मतदाताओं में दिखा उत्साह

जिले की 4 पंचायत समितियों में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, 3.08 लाख से अधिक मतदाताओं ने डाले वोट

हनुमानगढ़। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जिले में चौथे चरण में शामिल 4 पंचायत समितियों में शनिवार को जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मतदान के दौरान मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने भी लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। जिले में इन पंचायत समितियों में जिला परिषद के लिए पंजीकृत कुल 3 लाख 93 हजार 176 मतदाताओं में से 3 लाख 8 हजार 749 मतदाताओं और 77 पंचायत समिति सदस्यों के लिए पंजीकृत 3 लाख 88 हजार 900 मतदाताओं में से 3 लाख 5 हजार 965 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार जिले में जिला परिषद सदस्य पदों के लिए 78.53 और पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए 78.67 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

चौथे चरण में हनुमानगढ़ टाऊन, संगरिया, रावतसर और टिब्बी पंचायत समितियां शामिल रहीं। इन क्षेत्रों में जिला परिषद के 13 वार्डों तथा पंचायत समितियों के कुल 77 सदस्य पदों के लिए 415 मतदान केंद्रों पर मतदान करवाया गया। मतदान के दौरान सभी क्षेत्रों में निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही।

संगरिया में सर्वाधिक 79.84 प्रतिशत मतदान

पंचायत समिति वार मतदान के आंकड़ों के अनुसार संगरिया में 96 हजार 161 मतदाताओं में से 76 हजार 777 ने मतदान किया। यहां 79.84 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। हनुमानगढ़ टाऊन में 98 हजार 983 मतदाताओं में से 77 हजार 884 ने वोट डाले और मतदान प्रतिशत 78.68 रहा।

इसी प्रकार रावतसर में 84 हजार 48 मतदाताओं में से 65 हजार 210 ने मतदान किया। यहां 77.59 प्रतिशत मतदान हुआ। टिब्बी में 1 लाख 9 हजार 708 मतदाताओं में से 86 हजार 94 ने मतदान किया और मतदान प्रतिशत 78.48 रहा। दरअसल, टिब्बी पंचायत समिति के वार्ड संख्या 21 से एकमात्र अभ्यर्थी श्रीमती कर्मजीत कौर का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। इसके चलते चारों पंचायत समितियों के 78 पदों में से 77 पदों के लिए मतदान हुआ।

सरपंच और पंच पद के लिए 16 नवम्बर को मतदान

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित चौथे चरण में शामिल जिले की 4 पंचायत समितियों की 120 ग्राम पंचायतों में सरपंच और 1234 पंच पद के लिए 16 नवंबर को मतदान होगा। इसके लिए रविवार, 15 नवंबर को नामांकन प्रक्रिया होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

मतदान शुरू होने के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव एवं पुलिस अधीक्षक श्री बी. आदित्य ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने चाईया, थालड़का, गंधेली, नौरंगदेसर सहित विभिन्न गांवों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था तथा निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

— Yash karyani

निवाई में नवजात शिशु की मौत पर न्याय की मांग में धरना जारी



निवाई में एक नवजात शिशु की मौत का मामला स्थानीय स्तर पर तीव्रता से चर्चा का विषय बन गया है। शिशु की मृत्यु के बाद अस्पताल के प्रबंधन और परिजनों के बीच मतभेद उत्पन्न हुए, जिससे स्थिति में तनाव बढ़ा।

परिजन और समाज के प्रतिनिधियों ने अस्पताल के बाहर एकत्र होकर न्याय की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू किया। यह धरना देर रात तक जारी रहा, परन्तु इस दौरान कोई स्पष्ट सहमति या समाधान नहीं निकला।

स्थानीय प्राधिकरण अभी तक इस मामले पर आधिकारिक टिप्पणी नहीं कर पाए हैं और जांच प्रक्रिया को तेज़ करने का आश्वासन दिया गया है। परिजन न्याय की प्राप्ति के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं।

समुदाय के लोग इस घटना को गंभीर मानते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं की पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की मांग कर रहे हैं, जिससे भविष्य में समान घटनाओं से बचाव हो सके।

— Rajesh Prajapat

राजनीति

फतेहगढ़ ज़िला परिषद चुनाव में कांग्रेस की पूनम कंवर बनाम बीजेपी की धीरज कंवर की आमने-सामने जंग



फतेहगढ़ ज़िला परिषद की पंचायत समिति चुनाव आज समाप्त हो गया, मतदान प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी हुई।

मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस की पूनम कंवर और बीजेपी की धीरज कंवर थे, जो सीधे आमने-सामने मुकाबला कर रहे थे।

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान कोई बड़ी समस्या नहीं आई और सभी मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्रों तक पहुँच सके।

अब परिणामों की घोषणा का इंतजार है, जिससे यह तय होगा कि कौन इस सीट को जीतता है।

— Swaroop Singh

नाचना में जिला परिषद व पंचायत समिति का 70.48 प्रतिशत मतदान हुआ



नाचना (जैसलमेर)

रिपोर्ट: राजेन्द्र कुमार सेन

नाचना में लोकतंत्र का महापर्व संपन्न: शाम 6 बजे तक 70.48 प्रतिशत मतदान, सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद

नाचना: पंचायती राज चुनाव के चौथे चरण के तहत शनिवार को नाचना पंचायत समिति और जिला परिषद के वार्डों के लिए मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला, जिसके चलते शाम 6 बजे मतदान समाप्ति तक कुल 70.48 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही सभी प्रत्याशियों का राजनीतिक भाग्य अब ईवीएम (मतदान पेटी) में कैद हो गया है।

सुबह से ही दिखी मतदाताओं की लंबी कतारें

ग्रामीण क्षेत्रों के बूथों पर मतदाता जुटने शुरू हो गए थे। युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों और महिलाओं ने भी लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दोपहर बाद मतदान की गति और तेज हुई और शाम 6 बजे तक क्षेत्र के अधिकांश बूथों पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

अब 20 नवंबर को खुलेगा किस्मत का पिटारा

नाचना पंचायत समिति के 15 वार्डों और संबंधित जिला परिषद क्षेत्रों के लिए पड़े इन वोटों की गिनती आगामी 20 नवंबर को जिला मुख्यालय पर होगी। मतदान संपन्न होने के बाद अब समर्थक और प्रत्याशी बूथवार मतदान के आंकड़ों से अपनी जीत-हार के समीकरण बैठाने में जुट गए हैं। वहीं, प्रशासन ने भी निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर राहत की सांस ली है।

— Rajendra Kumar sen

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े पहुंचे अलवर, पुलिस जवानों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने किया स्वागत अलवर



राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े पहुंचे अलवर, पुलिस जवानों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने किया स्वागत।

अलवर

— Naresh Kumar Bairwa

जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान सम्पन्न,अब 16 नवम्बर को होगा पंच-सरपंच चुनाव



जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान सम्पन्न,अब 16 नवम्बर को होगा पंच-सरपंच चुनाव

राजाखेड़ा। राजस्थान पंचायत चुनाव के चौथे और आखिरी चरण में आज धौलपुर जिले के राजाखेड़ा में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया।सुबह सात बजे शुरू हुई मतदान प्रकिया शाम 6 बजे तक चली और इसके साथ प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। कई मतदान केंद्रों पर सवेरे से मतदाताओं की कतारें नजर आई। हालांकि कुछ जगहों पर मतदान की रफ्तार धीमी रही।

यहां पंचायत समिति में 25 सदस्य और जिला परिषद में 5 सदस्य हैं।चुनाव में एक मतदाता ने दो वोट डाले। इनमें से एक वोट जिला परिषद सदस्य के लिए जबकि दूसरा वोट पंचायत समिति सदस्य के लिए है।

पुलिस और प्रशासन की व्यवस्था रही चाक चौबंद नहीं हुई कोई भी अप्रिय घटना मतदान शांतिपूर्ण रहा

चौथे चरण के तहत वार्ड पंच और सरपंच का चुनाव सोमवार (16 नवंबर) को होगा। इसके लिए मतदाताओं को वापस बूथ पर आना होगा। उस दिन भी एक मतदाता दो वोट डालेगा। उनमें से एक वोट वार्ड पंच के लिए जबकि दूसरा वोट सरपंच के लिए होगा। मतगणना उसी दिन शाम को की जाएगी। जिसके नतीजे देर रात तक आएंगे।

मतदान को लेकर राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा ने कहा

— Jaypal Singh

प्रतियोगिता में फाइनल विजेता कारोली ग्रामवासियों ने किया भव्य स्वागत



16 वी जागीरदार राव समाज की प्रतियोगिता ठिकाना-कोरटा में संपन्न हुई बहुत ही भव्य और सफलता पूर्वक आयोजन सफल हुआ इसके लिए ठिकाना-कोरटा के सभी आयोजन कर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ टीम कारोली आपका बहुत बहुत धन्यवाद ज्ञापित करती है फाइनल मैच में कारोली और मंधर के मैच में अंतिम गेंद पर 2 रन की आवश्यकता थी जिसमे पहला रन अंपायर ने शोर्ट रन दिया जान बुझ कर और दूसरे रन में खिलाड़ी रन आउट हुआ जिससे टिम कारोली विजेता बनी ठिकाना कोरटा के कमेटी मेंबरों ने एक ऐतिहासिक फैसला अंपायर के निर्णय को अंतिम रखा ये आपके ईमानदारी की जीत है हमने अंतिम बॉल के पहले अंपायर के वाईड वाले संदिग्ध फैसलो को स्वीकार किया लेकिन एक बात निश्चित है अगर आपकी मेहनत और नीयत साफ़ है आपको सफलता अवश्य मिलेगी हार जीत कोई मायने नहीं रखती ठिकाना कोरटा के उत्तम सिंह जी,राम सिंह जी,कुलदीप सिंह जी,राम सिंह जी शैतान सिंह जी,गोपाल सिंह जी,किशन सिंह जी,विक्रम सिंह जी,एवं इनकी पूरी टीम धन्यवाद की पात्र है ये क्रिकेट के उचित मूल्यों की जीत है जीवन में आपकी नियत साफ़ है आपकी हर क्षेत्र में सफलता हे ऐतिहासिक प्रतियोगिता के आयोजन पर पुन: सभी का धन्यवाद

यशवंत सिंह टीम कारोली का ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया

— Chandan Singh

ऑटोमोबाइल

हरिपुर रोड, रायपुर मारवाड़ में स्पीड ब्रेकर की अनुपस्थिति से मोटरसाइकिल चालकों को बढ़ा जोखिम



हरिपुर रोड, रायपुर मारवाड़ में गति निरोधक (स्पीड ब्रेकर) की कमी बनी हुई है। यह स्थिति स्थानीय सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच चिंता का कारण बन रही है।

स्पीड ब्रेकर न होने के कारण मोटरसाइकिल चालकों को तेज गति से वाहन चलाते समय दुर्घटना का जोखिम अधिक महसूस हो रहा है।

वर्तमान में इस मार्ग पर सुरक्षा उपायों की कमी के कारण मोटरसाइकिल चलाने का जोखिम स्पष्ट रूप से बढ़ा हुआ है।

— Mugnaram paldiya

गौवंश के लिए बना जानलेवा बस्सी में घायल गौवंश का रेस्क्यू, पुलिस ने किया मौका निरीक्षण



क्षेत्र में जंगली सूअरों के शिकार के लिए खाद्य सामग्री में कथित रूप से विस्फोटक पदार्थ छिपाकर रखने का तरीका अब गौवंश के लिए जानलेवा साबित हो रहा है खेतों और सुनसान स्थानों पर रखी ऐसी संदिग्ध सामग्री को गौवंश खाद्य पदार्थ समझकर मुंह में ले लेता है विस्फोट होने से पशुओं के जबड़े गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो रहे हैं 13 नवंबर को ग्राम पंचायत बस्सी की भड़ियारों की ढाणी के पास एक गौवंश गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला सूचना पर कामधेनु सेना के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल गौवंश का रेस्क्यू कर उपचार के लिए बाबा रामदेव बेजुबान जीव कल्याण केंद्र, आनंदपुर कालू पहुंचाया घटना को लेकर कामधेनु सेना के पदाधिकारियों ने पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया शनिवार को पुलिस टीम ने घटनास्थल का मौका निरीक्षण किया कामधेनु सेना के अनुसार बस्सी में ऐसी आठ से अधिक घटनाएं सामने आ चुकी हैं पूर्व में 15 मई को घायल गौवंश की उपचार के दौरान 16 मई को मृत्यु हो गई थी लगातार घटनाओं से ग्रामीणों और गौसेवकों में रोष है उन्होंने दोषियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई की मांग की है

— Jitendra Sharma

राजनीति

गांव वालों का कहना है कि अधिकारी फर्जी वोटिंग करवा रहे हैं



घंटियाली में मतदान प्रक्रिया पर गंभीर सवाल, ग्रामीणों ने अधिकारियों पर जबरदस्ती वोट डलवाने के लगाए आरोप

घंटियाली (पंचायत समिति नाचना): जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनाव के दौरान घंटियाली गांव में मतदान प्रक्रिया को लेकर विवाद सामने आया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि मतदान केंद्र पर बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के नाम पर उनके हाथ पकड़कर जबरदस्ती वोटिंग करवाई जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव में आज तक इस तरह की घटना कभी देखने को नहीं मिली। इस बार मतदान केंद्र पर हो रही गतिविधियों को लेकर लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने मतदान अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं और अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका जताई है।

ग्रामीणों की मांग है कि जिला निर्वाचन अधिकारी इस मामले को गंभीरता से लें और मतदान केंद्र की निष्पक्ष जांच करवाएं, ताकि प्रत्येक मतदाता अपनी मर्जी से और बिना किसी दबाव के मतदान कर सके।

सवाल यह है कि क्या बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की मदद के नाम पर उनकी मतदान की स्वतंत्रता प्रभावित की जा रही है?

घंटियाली गांव से हमारी ग्राउंड रिपोर्ट।

— Shrwan Singh Bhati

ग्रहण समारोह



ग्राम पंचायत आकोली में सरपंच शपथ ग्रहण समारोह के भव्य आयोजन की यह एक महत्वपूर्ण स्थानीय खबर है। इस आयोजन से

ग्राम पंचायत आकोली में सरपंच शपथ ग्रहण समारोह भव्य रूप से संपन्न

आकोली: ग्राम पंचायत आकोली में आज नवनिर्वाचित सरपंच अनस कंवर एवं वार्ड पंचों का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समारोह की मुख्य झलकियाँ:


* पद एवं गोपनीयता की शपथ: प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में नवनिर्वाचित सरपंच ने ग्राम विकास और जनकल्याण के प्रति निष्ठावान रहने की शपथ ली।

* ग्रामीणों में उत्साह: समारोह में स्थानीय लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ नए नेतृत्व का स्वागत किया।

* विकास का संकल्प: शपथ ग्रहण के पश्चात सरपंच ने ग्राम पंचायत आकोली को एक आदर्श पंचायत बनाने, स्वच्छता, शिक्षा, पेयजल और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया।

— Shyam Singh Chouhan

मनोहर सिंह भाटी




बालेसर-तिंवरी रोड पर दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत, चार घायल

बालेसर। बालेसर-तिंवरी रोड पर बालेसर दुर्गावतां गांव की सरहद में शुक्रवार शाम पेट्रोल पंप के पास दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों कारों में सवार चार लोग घायल हो गए। मौके से गुजर रहे वाहन चालकों ने घायलों को बालेसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चारों को एंबुलेंस 108 से जोधपुर रेफर किया गया।

— Manohar Singh

दौसा में ATM लूट का आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई! ATM बूथ से 40 हजार रुपए नकद, 300 ATM कार्ड और मोबाइल लूटने के मामले में आरोपी विक्रम गुर्जर पुत्र राजाराम गुर्जर निवासी झालरा का बास थाना कोतवाली दौसा को किया गिरफ्तार



दौसा में ATM लूट का आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई!


ATM कार्ड और मोबाइल लूटने के मामले में आरोपी विक्रम गुर्जर पुत्र राजाराम गुर्जर निवासी झालरा का बास थाना कोतवाली दौसा को किया गिरफ्तार।

एसपी कुंदन कंवरिया के निर्देशन में पुलिस ने किया वारदात का खुलासा।

— Naresh Kumar Bairwa

स्थानीय

कुम्हेर (वॉर्ड 11) में नालियों की सफाई पर नगर पालिका की लापरवाही



कुम्हेर जिला डीग, में वार्ड नंबर 11 के क्षेत्र में कचरा जमा हो गया है और नालियों में गंदगी भर गई है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि नालियों की सफाई और कचरे की उठान दोनों ही नहीं हो रही हैं।

नगर पालिका के अध्यक्ष से निवेदन किया गया है कि वे तुरंत नालियों की सफाई करवाएँ और कचरे की नियमित उठान की व्यवस्था स्थापित करें। इस मांग को स्थानीय नागरिकों ने कई बार दोहराया है, पर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

स्थानीय प्रशासन की इस लापरवाही से क्षेत्र में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं, इसलिए शीघ्र कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

— Pintu

स्थानीय

सुमेरपुर बस स्टैंड के 20 लाख रुपये के प्रतीक्षालय निर्माण में घटिया ईंटों व डस्ट के उपयोग पर जांच



सुमेरपुर कस्बे के बस स्टैंड पर लगभग 20 लाख रुपये की अनुमानित लागत से बन रहा प्रतीक्षालय निर्माण गुणवत्ता मानकों की अनदेखी के आरोपों का सामना कर रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि निर्माण में डस्ट और घटिया श्रेणी की ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे सार्वजनिक धनराशि के दुरुपयोग और यात्रियों की सुरक्षा पर प्रश्न उठे हैं।

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अधिकारी ने जांच अधिकारी को मौके पर भेजकर निर्माण सामग्री की विस्तृत जाँच करने के निर्देश दिए हैं। इस जाँच में उपयोग की गई ईंटों, बालू, डस्ट तथा अन्य सामग्री की तकनीकी गुणवत्ता का मूल्यांकन कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

प्रतीक्षालय का निर्माण स्थानीय ठेकेदार प्रत्यूष साहू द्वारा कराया जा रहा है। निवासियों ने कहा कि यदि प्रारम्भिक चरण से ही लापरवाही बरती गई तो भविष्य में संरचना की मजबूती और यात्रियों की सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जाँच के परिणाम के आधार पर ठेकेदार को भुगतान रोक दिया जाए, मानकविहीन निर्माण को तोड़कर पुनः गुणवत्ता मानकों के अनुरूप निर्माण करवाया जाए तथा जिम्मेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

जाँच प्रक्रिया जारी है और परिणाम सार्वजनिक होने पर आगे की कार्यवाही तय की जाएगी।

— Buddhi Prakash Mali